तापमान

भोपाल	23.0°	31.0°
इंदौर	23.0°	29.0°
जबलपुर	25.0°	31.0°
ग्वालियर	27.0°	34.0°
सागर	25.0°	30.0°

नईदुनिया

वर्ष- 80
(भोपालः वर्ष 41 अंक 245, पृष्ठ 12)
श्रावण, कृष्ण चतुर्थी संवत् 2083
सोमवार, 3 अगस्त 2026
कीमतः 3:00 रुपये

www.naiduniaonline.com
भोपाल संस्करण
भोपाल एवं सागर से एकसाथ प्रकाशित

राजधानी... संतों का सान्निध्य समाज को देता है सही दिशा ...

व्यापार... त्योहारी मांग के बीच किसानों की कम आवक से तेल...

खेल... ग्लासगो में भारतीय बाक्सरों की चमक, अंकुश...

देश-विदेश... नेतन्याहू की गाजा दुविधाः ट्रम्प को खुश ...

खास-खबरें

सांसद पप्पू यादव पर युवक ने जूता फेंका

नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्लीः पूर्णिया से निर्दलीय सांसद पप्पू यादव की दिल्ली स्थित प्रेस वार्ता के दौरान एक युवक ने उन पर जूता फेंक दिया, जिससे मौके पर हंगामा हो गया। घटना के बाद सांसद के समर्थकों ने युवक को पकड़ लिया और बाद में पुलिस के हवाले कर दिया। पप्पू यादव ने आरोप लगाया कि युवक चाकू लेकर उनकी हत्या के इरादे से आया था। उन्होंने कहा कि आरोपी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। इस बीच, राम मंदिर चढ़ावा प्रकरण से जुड़े संसद परिसर में हुए प्रदर्शन के मामले में राहुल गांधी, पप्पू यादव और अवधेश प्रसाद के विरुद्ध वाराणसी में प्राथमिकी भी दर्ज की गई है।

दीपके के परिवार की संपत्ति जांच की मांग

नईदुनिया ब्यूरो, सूरतः आरटीआई कार्यकर्ता अमित तिवारी ने सीजेपी के संस्थापक अभिजीत दीपके के परिवार की आय और संपत्ति की जांच की मांग की है। उन्होंने महाराष्ट्र सरकार, निर्वाचन आयोग और केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड को शिकायत भेजी है। तिवारी का दावा है कि अभिजीत दीपके के पिता महाराष्ट्र इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कॉरपोरेशन में जूनियर इंजीनियर थे, इसलिए परिवार की आर्थिक स्थिति और अमेरिका में उच्च शिक्षा के खर्च की जांच होनी चाहिए। उन्होंने सीजेपी के पंजीकरण, फंडिंग तथा सांसद कपिल सिब्बल की घोषित आर्थिक सहायता से जुड़े मामलों की भी जांच की मांग की है।

मायावती ने भतीजे आकाश के ससुर को पार्टी से निकाला

नईदुनिया ब्यूरो, लखनऊः बहुजन समाज पार्टी प्रमुख मायावती ने रविवार को भतीजे आकाश आनंद के ससुर अशोक सिद्धार्थ को पार्टी से निष्कासित कर दिया। उन्होंने कहा कि बार-बार चेतावनी देने के बावजूद उनके व्यवहार में सुधार नहीं आया, इसलिए अब उन्हें भविष्य में भी पार्टी में वापस नहीं लिया जाएगा। मायावती ने रणधीर सिंह बेनीवाल को भी पार्टी से बाहर कर दिया। इससे पहले अशोक सिद्धार्थ से विभिन्न राज्यों की जिम्मेदारी वापस ले ली गई थी। मायावती ने आरोप लगाया कि उन्होंने उत्तर प्रदेश की जिम्मेदारी मिलने संबंधी खबरें फैलाकर कार्यकर्ताओं में भ्रम पैदा करने का प्रयास किया।

फेरी बोट में भीषण आग, पांच की मौत

जकार्ता, एजेंसीः इंडोनेशिया के मादुरा द्वीप के निकट रविवार सुबह एक फेरी बोट में आग लगने से कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि 41 लोग लापता हैं। इंडोनेशिया की राष्ट्रीय सर्च एंड रेस्क्यू एजेंसी के अनुसार फेरी में कुल 271 यात्री और क्रू सदस्य सवार थे। आग लगते ही फेरी में अफरा-तफरी मच गई और कई यात्रियों ने जान बचाने के लिए समुद्र में छलांग लगा दी। राहत एवं बचाव दल ने दोपहर तक 225 लोगों को सुरक्षित निकाल लिया, जबकि लापता लोगों की तलाश के लिए अभियान जारी है। फेरी ईस्ट जावा प्रांत के सुराबाया से साउथ सुलावेसी के मकासार जा रही थी।

प्रधानमंत्री बोले- युवाओं को नशे से बचाना विकसित भारत के लक्ष्य के लिए आवश्यक

ड्रग्स की सप्लाई आतंकी साजिशः मोदी

नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्लीः प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को 'नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत संकल्प अभियान' का शुभारंभ करते हुए कहा कि भारत में ड्रग्स की सप्लाई केवल अपराध नहीं, बल्कि दुश्मन देशों की आतंकी साजिश का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि भारतीय युवाओं को नशे के जाल में फँसाने की कोशिशों को पूरे समाज को मिलकर विफल करना होगा।

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित कार्यक्रम में देशभर के 28 हजार से अधिक स्थानों से एक करोड़ से अधिक युवाओं ने भाग लिया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि विकसित भारत का लक्ष्य तभी साकार होगा, जब देश का युवा शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ होने के साथ नशे से भी पूरी तरह दूर रहेगा। उन्होंने कहा कि नशा युवाओं का ध्यान उनके सपनों से भटका देता है और उनके करियर तथा परिवार दोनों को प्रभावित करता है। आज भारत के युवा स्टार्टअप, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और अंतरिक्ष जैसे क्षेत्रों में नई उपलब्धियां हासिल कर रहे हैं, ऐसे में नशे से दूर रहना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि ड्रग्स कुछ समय का नशा देता है, लेकिन जीवनभर का नुकसान पहुंचाता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि नशे के कारोबारियों और तस्करों के विरुद्ध सरकार की कार्रवाई लगातार तेज हुई है। बड़ी मात्रा में मादक पदार्थ जब्त किए जा रहे हैं और तस्करों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने इसे सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति का हिस्सा बताया।

उन्होंने कहा कि नशे की लत से बाहर निकलने वाले युवाओं को समाज में सम्मान और दूसरा अवसर मिलना चाहिए। प्रधानमंत्री ने बताया कि यह अभियान अगले 100 सप्ताह तक चलेगा।

इसके अंतर्गत प्रत्येक रविवार देशभर में कला, संस्कृति, खेल, योग तथा अन्य गतिविधियों के माध्यम से नशामुक्ति का संदेश प्रसारित किया जाएगा। उन्होंने युवाओं से इस जनआंदोलन का नेतृत्व करने और विकसित भारत के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

प्रदेश के 19 धार्मिक नगरों में शराबबंदीः डॉ. यादव

भोपालः मौलाना आजाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (मैनिट) में खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सहभागिता की। उन्होंने नशामुक्त भारत और नशामुक्त मध्यप्रदेश के लिए सभी को हर प्रकार के नशे से दूर रहने और नशा मुक्त जीवन जीने की शपथ दिलाई। प्रधानमंत्री के राष्ट्र संबोधन का श्रवण किया। डॉ. यादव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश के 19 धार्मिक नगरों पर निकाय और पंचायत की सीमा में हमने शराबबंदी लागू कर दी है। शराब की दुकानें हटा दी गईं हैं। उन्होंने कहा कि अब सड़कों के किनारे लगी धूम्रपान की दुकानें धीरे-धीरे कम होती जा रही हैं। लेकिन वर्तमान समय में दूसरे प्रकार का नशा बढ़ रहा है। युवाओं को बिगाड़ने के तरह-तरह के सामान आ गए हैं।

जंतर-मंतर प्रदर्शन में आतंकी कनेक्शन!

नईदुनिया ब्यूरो, कोलकाताः पश्चिम बंगाल स्पेशल टास्क फोर्स ने दावा किया है कि पूर्व बर्धमान जिले से गिरफ्तार संदिग्ध जैश-ए-मोहम्मद ऑपरेटिव हमीम मंडल ने दिल्ली के जंतर-मंतर पर प्रस्तावित एक प्रदर्शन के दौरान पुलिस की वर्दी पहनकर अशांति और तोड़फोड़ फैलाने की साजिश रची थी। एजेंसी के अनुसार, उसे पाकिस्तान में बैठे हैंडलरों से निर्देश मिले थे। एसटीएफ के अनुसार, हमीम को दो दिन पहले पूर्व बर्धमान से गिरफ्तार किया गया, जबकि उसकी सहयोगी अर्पिता सरकार को झारखंड से पकड़ा गया। अदालत ने हमीम को 14 दिन और अर्पिता को 13 दिन की एसटीएफ हिरासत में भेज दिया है। जांच एजेंसी का दावा है कि दोनों पाकिस्तान से जुड़े एक नेटवर्क के इशारे पर काम कर रहे थे। उनके पास से ब्रिटेन और मेक्सिको के अंतरराष्ट्रीय सिम कार्ड बरामद हुए हैं, जिनका उपयोग एन्क्रिप्टेड संचार के लिए किए जाने की आशंका है। हमीम सोशल मीडिया के माध्यम से कट्टरपंथी विचारधारा के संपर्क में आया था। एजेंसी का यह भी दावा है कि उसे पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री की गतिविधियों पर नजर रखने और संवेदनशील जानकारियां जुटाने का दायित्व सौंपा गया था। अधिकारियों के अनुसार, मामले में सभी पहलुओं की जांच जारी है तथा संभावित अन्य आरोपियों और नेटवर्क की भी पड़ताल की जा रही है।

ईरान पर प्रस्तावित हमला फिलहाल टला : ट्रम्प

▸▸ होर्मुज स्ट्रेट खोलने व परमाणु खतरे पर सहमति का दावा

वॉशिंगटन डीसी/तेहरान/तेल अवीव, एजेंसीः अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि ईरान पर प्रस्तावित सैन्य हमला फिलहाल टाल दिया गया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर जारी एक पोस्ट में दावा किया कि ईरान तथा मध्य पूर्व के कुछ देशों की ओर से समझौते का प्रस्ताव मिलने के बाद यह निर्णय लिया गया। ट्रम्प के अनुसार, समझौते की रूपरेखा पर सहमति बनी है, जिसमें होर्मुज जलडमरूमध्य को तत्काल खोलने और ईरान से जुड़े परमाणु खतरे को समाप्त करने जैसे मुद्दे शामिल हैं। उन्होंने यह भी दावा किया कि इस निर्णय में इजराइल भी अमेरिका के साथ है।

इससे पहले प्रकाशित एक मीडिया रिपोर्ट में दावा किया गया था कि सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान ने ट्रम्प से टेलीफोन पर बातचीत कर ईरान के विरुद्ध संभावित बड़े सैन्य हमले को टालने तथा संयम बरतने का आग्रह किया था। हालांकि, समझौते की रूपरेखा और सैन्य कार्रवाई टालने संबंधी दावों पर संबंधित पक्षों की ओर से विस्तृत आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

केरल और कर्नाटक में भूस्खलन से 11 की मौत

बारिश का कहरः राजस्थान में जलभराव, बिहार में आकाशीय बिजली से छह मौतें

नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्लीः देश के कई राज्यों में लगातार हो रही बारिश से जनजीवन प्रभावित है। राजस्थान, बिहार, केरल और कर्नाटक में भारी वर्षा, आकाशीय बिजली और भूस्खलन की घटनाओं से जनहानि के साथ सामान्य जीवन भी प्रभावित हुआ है। केरल में भारी वर्षा के कारण बाढ़ और भूस्खलन की घटनाओं में अब तक आठ लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि आठ अन्य लोग लापता बताए गए हैं। राज्य सरकार ने राहत एवं बचाव कार्य तेज करते हुए 209 राहत शिविर स्थापित किए हैं, जहां 5,792 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। प्रभावित क्षेत्रों में बचाव दल लगातार राहत अभियान चला रहे हैं। कर्नाटक के शिवमोग्गा जिले में रविवार सुबह भूस्खलन की चपेट में आने से एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई। मृतकों में मल्लिकार्जुन, उनकी पत्नी नागवेणी और उनका तीन वर्षीय पुत्र संतोष शामिल हैं। घटना के समय तीनों पहाड़ी के निकट स्थित अपने घर में सो रहे थे। प्रशासन ने प्रभावित क्षेत्रों में राहत एवं बचाव कार्य जारी रखते हुए लोगों से सतर्क रहने की अपील की बिहार के बांका जिले में अलग-अलग स्थानों पर आकाशीय बिजली गिरने से छह लोगों की मौत हो गई। मौसम विभाग ने राज्य के सभी जिलों के लिए वर्षा और आकाशीय बिजली को लेकर सतर्कता बरतने की सलाह देते हुए अलर्ट जारी किया है। राजस्थान के 24 जिलों में लगातार बारिश दर्ज की गई। अजमेर में तेज वर्षा के कारण कई सड़कों पर जलभराव हो गया।

असम में बाढ़ पीड़ितों की मदद को पहुंचे रणदीप हुड्डा

▸▸ राहत शिविर में राशन वितरित किया, लंगर सेवा में भी निभाई जिम्मेदारी

नईदुनिया ब्यूरो, शिवसागरः अभिनेता रणदीप हुड्डा ने शनिवार को असम के शिवसागर में बाढ़ प्रभावित लोगों के लिए आयोजित राहत अभियान में भाग लिया। उन्होंने ग्लोबल सिख्स के सहयोग से संचालित राहत वितरण कार्यक्रम में जरूरतमंदों को राशन और अन्य आवश्यक सामग्री वितरित की तथा लंगर सेवा में शामिल होकर विस्थापित लोगों को भोजन भी परोसा। रणदीप हुड्डा ने शिवसागर स्थित गुरुद्वारा साहिब में मत्था टेककर बाढ़ प्रभावित लोगों की कुशलता के लिए प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि शिवसागर रेलवे स्टेशन पर आसपास के प्रभावित क्षेत्रों से बड़ी संख्या में परिवार पहुंचे हैं और पिछले सात दिनों से लगातार उनके लिए भोजन तैयार कर वितरित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि वह कई वर्षों से ग्लोबल सिख्स के साथ जुड़े हैं और लोगों से राहत कार्यों में प्रत्यक्ष सहयोग, प्रार्थना अथवा आर्थिक सहायता के माध्यम से जरूरतमंदों की मदद करने की अपील की। असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अनुसार, राज्य में बाढ़ से अब तक 82 लोगों की मौत हो चुकी है। राहत एवं बचाव कार्य विभिन्न जिलों में जारी हैं। बाढ़ प्रभावित लोगों की सहायता के लिए अन्य फिल्म कलाकार भी आगे आए हैं। अभिनेता कार्तिक आर्यन ने असम मुख्यमंत्री राहत कोष में एक करोड़ रुपये का योगदान दिया। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने इस सहयोग के लिए उनका आभार व्यक्त किया। इसके अलावा अभिनेता सलमान खान की संस्था 'बीइंग ह्यूमन' ने स्थानीय स्वयंसेवकों के सहयोग से राहत अभियान चलाकर प्रभावित क्षेत्रों में तैयार भोजन और अन्य आवश्यक सामग्री का वितरण किया। अभिनेत्री आलिया भट्ट ने भी बाढ़ प्रभावित लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त की।

पेरू में टूरिस्ट प्लेन हुआ दुर्घटनाग्रस्त, 13 की मौत

नाज्का (पेरू), एजेंसीः पेरू के नाज्का शहर के निकट शनिवार को एक टूरिस्ट प्लेन दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें 11 यूरोपीय पर्यटकों सहित कुल 13 लोगों की मौत हो गई। मृतकों में सात इटली, दो स्पेन और दो जर्मनी के पर्यटक शामिल हैं। हादसे में पायलट और सह-पायलट की भी जान चली गई।

विमान इका शहर से उड़ान भरकर पर्यटकों को लगभग दो हजार वर्ष पुरानी नाज्का लाइन्स का हवाई भ्रमण कराने जा रहा था। नाज्का लाइन्स के निकट पहुंचने के बाद विमान एक खेत में गिर गया और उसमें आग लग गई। दुर्घटना के बाद राहत एवं बचाव दल मौके पर पहुंचा और कार्रवाई शुरू की। पेरू सरकार ने हादसे की जांच के आदेश दिए हैं। राष्ट्रपति केइको फुजीमोरी ने घटना पर शोक व्यक्त किया है। साथ ही नाज्का हवाई अड्डे के संचालन को अस्थायी रूप से रोकने पर भी विचार किया जा रहा है। विमान का संचालन एरोडियाना कंपनी कर रही थी।

पीओके में 21 सीटों पर दूसरे चरण का मतदान

मुजफ्फराबाद, एजेंसीः पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में रविवार को विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए मतदान हुआ। इस चरण में मुजफ्फराबाद डिवीजन की नौ सीटों और कश्मीरी शरणार्थियों के लिए आरक्षित 12 सीटों सहित कुल 21 सीटों पर मतदान हुआ। इन सीटों पर 208 उम्मीदवार मैदान में हैं, जबकि 12 लाख से अधिक मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

मतदान के बीच पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) ने चुनाव प्रक्रिया में धांधली के आरोप लगाए हैं। पार्टी अध्यक्ष बिलावल भुट्टो जरदारी ने कहा कि यदि पहले चरण की शिकायतों पर चुनाव आयोग कार्रवाई करता तो दूसरे चरण की विश्वसनीयता और मजबूत होती।

पीपीपी ने आरोप लगाया कि कुछ निर्वाचन क्षेत्रों में उसके पोलिंग एजेंटों को मतदान केंद्रों में प्रवेश नहीं दिया गया। कई स्थानों पर मतदान कर्मियों के देर से पहुंचने से प्रक्रिया प्रभावित हुई, जबकि एक क्षेत्र में सड़क बंद होने से वाहनों के फंसने की शिकायत भी सामने आई। पार्टी ने फर्जी मतदान और पोलिंग एजेंटों को बाहर रखने के आरोप लगाते हुए चुनाव आयोग से शिकायत की है।

विदेशी संबंध

पहले दल के 20 सदस्य तकलाकोट पहुंचे, पहली बार बिना सामान के सीमा पार पहुंचे भारतीय व्यापारी...

6 वर्ष बाद फिर शुरू हुआ भारत-तिब्बत परंपरागत व्यापार

नईदुनिया ब्यूरो, पिथौरागढ़ : उत्तराखंड के लिपुलेख दर्रे से छह वर्ष बाद भारत-तिब्बत परंपरागत व्यापार का पुनः शुभारंभ हो गया। पहले दल में 16 भारतीय व्यापारी और चार हेल्पर, कुल 20 लोग तिब्बत स्थित तकलाकोट मंडी पहुंचे। इस बार एक विशेष स्थिति यह रही कि भारतीय व्यापारी पहली बार बिना सामान के चीन पहुंचे, जबकि उनका व्यापारिक सामान अभी भी पिथौरागढ़ के गुंजी में रखा हुआ है।

कोरोना महामारी और भारत-चीन संबंधों में आई तल्खी के कारण वर्ष 2020 से यह परंपरागत व्यापार पूरी तरह बंद था। इस वर्ष जून में व्यापार शुरू होने की संभावना थी, लेकिन औपचारिकताओं और चीनी प्रशासन की ओर से नियमों में बदलाव के कारण प्रक्रिया लगातार टलती रही। आठ जुलाई को व्यापारी सामान लेकर गुंजी पहुंच गए थे और उन्हें ट्रेड पास भी जारी कर दिए गए थे, लेकिन अंतिम समय में चीन के पुरांग काउंटी प्रशासन ने व्यवस्थाएं पूरी न होने का हवाला देकर प्रवेश की अनुमति रोक दी थी। इसके बाद व्यापारी अपना सामान गुंजी में छोड़कर लौट आए थे।

इस बीच एक अगस्त को व्यापार की औपचारिक शुरुआत हुई और पहले चरण में केवल 20 लोगों को तकलाकोट जाने की अनुमति दी गई। चीनी प्रशासन ने स्पष्ट किया कि प्रारंभिक चरण में केवल उन्हीं व्यापारियों को प्रवेश मिलेगा, जो वर्ष 2019 में तकलाकोट गए थे और जिनका सामान वहां फंसा हुआ है। वर्ष 2019 से भारतीय व्यापारियों का करोड़ों रुपये का माल तकलाकोट में पड़ा है। व्यापारियों का कहना है कि धातु के बर्तन उपयोग योग्य हो सकते हैं, लेकिन खाद्य सामग्री के खराब होने की आशंका है।

धारचूला के उपजिलाधिकारी एवं ट्रेड अधिकारी आशीष जोशी ने बताया कि भारत-चीन परंपरागत व्यापार विधिवत शुरू हो गया है। अगले दलों को भेजने के लिए चीनी प्रशासन से लगातार समन्वय किया जा रहा है। वर्तमान में व्यापारियों का गुड़, मिश्री, बर्तन तथा अन्य सामान गुंजी में रखा हुआ है, जिसे व्यवस्थाएं पूरी होने के बाद तकलाकोट भेजा जाएगा।

इस बार भारतीय व्यापारी पुरानी मंडी के बजाय नई ट्रेड मंडी में कारोबार करेंगे। व्यापार समिति के अनुसार नई मंडी अधिक व्यवस्थित है और वहां सामान रखने के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हैं। सड़क संपर्क विकसित होने से अब लगभग 100 किलोमीटर तक वाहन सीधे सीमा के निकट पहुंच सकेंगे। केवल अंतिम लगभग 200 मीटर तक ही सामान पारंपरिक तरीके से ले जाना होगा, जिससे परिवहन लागत और समय दोनों में कमी आने की उम्मीद है। वर्ष 2019 में भारत-तिब्बत व्यापार के दौरान तीन करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार हुआ था और इस बार बेहतर आधारभूत सुविधाओं के कारण व्यापार बढ़ने की संभावना जताई जा रही है।